भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 05.06.2022

आरेडिका में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 05.06.2022 को ईको ग्रीन गोल्फ कोर्स में महाप्रबंधक श्री एस.एस.कलसी एवं आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती हरविंदर नागी सहित अधिकारी एवं कर्मचारीगणों द्वारा वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

महाप्रबंधक महोदय, ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि, पर्यावरण के प्रति सभी लोगों को सर्तक रहना चाहिए एवं वातावरण को स्वच्छ और सुन्दर बनानें के लिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए, वृक्षारोपण से जहाँ विभिन्न प्रकार के प्रदूषण से मुक्ति मिलती है तो वहीं दूसरी ओर साफ–सुथरे वातावरण का निर्माण होता है, स्वच्छ वातावरण एक सकारात्मक छवि का निर्माण करता है, जिसका प्रभाव व्यक्ति के स्वभाव और कार्य पर पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि आरेडिका को हरा–भरा और सुन्दर बनाने के लिए हर वर्ष हजारों की संख्या में पेड़–पौधे लगाए जाते हैं और सिविल विभाग द्वारा उनकी नियमित देखभाल की जाती है। आज इसी का परिणाम है कि बंजर भूमि में स्थापित आरेंडिका ईको ग्रीन फैक्ट्री एवं कॉलोनी के रूप में विकसित हो रही है।

इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य आस–पास के वातावरण को हरा–भरा बनाना और लोगों को पर्यावारण संरक्षण के प्रति जागरुक करना होता है।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

05/6/2022
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी